
**VASISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI**
(Academic Session: 2026-27)

**Date: ________ Class: 4 Div: A/C Roll No: ______ Sub: 2L Hindi**
**Name: ________________________________________ Worksheet: No.** (Picture Writing)

## चित्र – वर्णन

**प्रश्न - दिए गए चित्रों का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए :**

(1)



(2)



(3)



**<u>चित्र – वर्णन</u>**

**(1) उत्तर :**

यह चित्र एक मेला का है। कई तरह के मेले होते हैं। जिसमें हमें बह्त कुछ देखने को मिलता है। मेले में एक चरखी दिखाई दे रही है जिसपर कुछ लोग बैठे हुए हैं। मेले में कई तरह के खेल कार्यक्रम होते हैं। जादूवार ने जादू का खेल दिखाया। खाने-पीने की अलग अलग दुकाने भी हैं जिसपर स्वादिष्ट व्यंजन दिख रहे हैं। यहाँ बहुत से लोग आए हैं। आज मेला घूमकर मुझे बहुत मज़ा आया |

(2) इस चित्र में विद्यालय के बच्चे स्वच्छता अभियान में भाग ले रहे हैं |सभी बच्चे मिलकर अपने स्कूल और आसपास के परिसर की सफाई कर रहे हैं। कुछ बच्चे झाड़ू लगाकर कचरा इकट्ठा कर रहे हैं। एक बच्चा कूड़ेदान में कचरा डाल रहा है। दो बच्चे कचरे की टोकरी उठाकर उसे कूड़ेदान में डालने जा रहे हैं। शिक्षक बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए उनका मार्गदर्शन भी कर रहे हैं। सभी बच्चे पूरे उत्साह और खुशी के साथ काम कर रहे हैं। स्वच्छ वातावरण से बीमारियाँ दूर रहती हैं और स्वास्थ्य अच्छा रहता है। हमें भी अपने घर, स्कूल और आसपास की जगहों को हमेशा साफ रखना चाहिए।

(3) यह एक बगीचा का चित्र हैं। इसमें बहुत सारे बच्चे दिखाई दे रहे हैं। एक लड़का और एक लड़की झूला झूल रहे हैं। उनके पास एक लड़की रस्सी कूद रही है। कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहें है। एक - व्यक्ति योग कर रहे हैं। उनके पास एक लड़की जमीन पर लेटकर किताब पढ़ रही है। बगीचे में रंग-बिरंगे फूल खिले हैं जिसपर तितलियाँ मँडरा रही हैं | आसमान में बादल दिखाई दे रहे हैं | तीन पक्षी पंख फैलाकर आसमान में उड़ रहे हैं |यह दृश्य बहुत ही सुंदर लग रहा है |

(3.)

इस चित्र में विद्यालय के बच्चे स्वच्छता अभियान में भाग ले रहे हैं |सभी बच्चे मिलकर अपने स्कूल और आसपास के परिसर की सफाई कर रहे हैं। कुछ बच्चे झाड़ू लगाकर कचरा इकट्ठा कर रहे हैं। एक बच्चा कूड़ेदान  में कचरा डाल रहा है। दो बच्चे कचरे की टोकरी उठाकर उसे कूड़ेदान में डालने जा रहे हैं। शिक्षक बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए उनका मार्गदर्शन भी  कर रहे हैं। सभी बच्चे पूरे उत्साह और खुशी के साथ काम कर रहे हैं। स्वच्छ वातावरण से बीमारियाँ दूर रहती हैं और स्वास्थ्य अच्छा रहता है।  हमें भी अपने घर, स्कूल और आसपास की जगहों को हमेशा साफ रखना चाहिए।